प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
<u>मुजफ्फरपुर</u>

सभी विभागाध्यक्ष (नन क्लीनिकल / पारा क्लीनिकल / क्लीनिकल)

श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल,

मुजफ्फरपुर ।

अधोहस्ताक्षरी को विश्वस्त सुत्रो से यह ज्ञात हुआ है कि इस चिकित्सा महाविद्यालय के लगभग सभी विभागों में सभी पदाधिकारी / कर्मचारी प्रतिदिन ससमय अपने कर्तव्य पर उपस्थित नही रहतें हैं तथा जिस दिन जो भी पदाधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहते हैं, वहीं पदाधिकारी / कर्मचारी विभाग के सभी अनुपस्थित पदाधिकारियो / कर्मचारियों का उपस्थिति; उपस्थिति पंजी में दर्ज कर देते हैं, जो एक अत्यन्त ही गंभीर मामला है तथा यह सरकारी नियम के उल्लंघन का द्योतक है ।

विदित हो कि अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियो / कर्मचारियो का उपस्थिति पंजी में उपस्थिति दर्ज कर प्राचार्य कार्यालय में रजिस्टर भेजा जाता है, जिसमें सभी पदाधिकारियो / कर्मचारियों को उपस्थित दिखाया जाता है, जो कि एक संगीन मामला है तथा यह उच्च स्तरीय जाँच–कार्रवाई के अन्तर्गत है ।

इस संगीन कार्य में लिप्त पदाधिकारी / कर्मचारी अक्षम्य अपराध की श्रेणी में आते हैं । किसी भी दिन औचक निरीक्षण में अथवा जाँच संबंधी कार्रवाई में पकड़े जाने पर संबंधित पदाधिकारी / कर्मचारी के विरूद्व अनुशासनिक / प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए सरकार से उनकी बरखास्तगी की अनुशंसा कर अन्य कार्रवाई की जाएगी ।

अतएव आप सभी विभागाध्यक्ष अपने – अपने विभाग में होने वाले इस कृत्य पर अपनी नजर बनाये रखेंगे । उक्त संबंध में कुछ जानकारी / सूचनाएँ प्राप्त होने पर गुप्त रूप से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाए ।

ह0 / –
प्राचार्य

ज्ञापांक / – 958/17 दिनांकः– 08-05-017

प्रतिलिपिः–1) अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपिः–2) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0) / पुस्तकालय सचिव / Estate Officer / बरसर, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

8/5/17

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर